टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)

# गंगावतरणम्
# GANGAVATARANAM

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की गृह पत्रिका

मार्च, 2024



मुख्य संरक्षक
श्री आर. के. विश्नोई
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

संरक्षक
श्री शैलेन्द्र सिंह
निदेशक (कार्मिक)

संपादक
डॉ. ए. एन. त्रिपाठी
महाप्रबंधक
(मानव संसाधन एवं जनसंपर्क)

उप संपादक
सुश्री काजल परमार
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

विशिष्ट सहयोग
श्री पंकज कुमार शर्मा
उप प्रबंधक (राजभाषा)

सहायक संपादक
श्री ईशान भूषण
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

समन्वयक

टिहरी
श्री मनवीर नेगी
प्रबंधक (जनसंपर्क)

कोटेश्वर
श्री आर. डी. ममगाई
उप प्रबंधक (जनसंपर्क)

कौशांबी
श्री बी. एस. चौहान
सहायक प्रबंधक (जनसंपर्क)

पीपलकोटी
श्री अविनाश कुमार
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

खुर्जा
श्री प्रभात कुमार
कार्यपालक प्रशिक्षु (जनसंपर्क)

# Contents

| | |
|---|---|
| CMD Message | 2. |
| Foundation Stone laying by Hon'ble PM | 3. |
| A workshop for Vigilance dept. officers of THDCIL and SJVNL | 4. |
| A three-day training program on Reservation in Services for SC/ST/OBC/PwBD Employees | 5. |
| Rajbhasha inspection of Corporate Office and Koteshwar Unit & National Safety Week at Khurja | 6. |
| Blood Donation Camp at Rishikesh & Session on Fire Safety | 7. |
| 10 Km Marathon walk organized at THDCIL | 8. |
| A 05-day training Program for CEA Officers | 10. |
| Rotor Lowering in the Generator Pit of Unit # 07 of Tehri PSP & Hindi Workshop at Khurja and VPHEP | 11. |
| Successful Completion of Unit-1 Boiler light up at 1320 MW Khurja STPP & Awarness Session on Risk Management | 12. |
| THDCIL awarded with GEEF Global Environment Award 2024 | 13. |
| International Women's Day | 14. |
| Ladies Welfare Association | 15. |
| Medical Camp and Safety Week at Tehri & Computer Distribution and World Water Day at VPHEP | 16. |
| Retirement | 18. |



The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai



# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

टीएचडीसीआईएल परिवार के मेरे प्रिय साथियों,

आप सभी को ज्ञात ही है कि निरंतर बदलते विद्युत परिवेश में प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं । नई टेक्नोलॉजी का आगमन, उद्योगों में बदलाव और उपभोक्ताओं की मांगों में लगातार उतार-चढ़ाव, ये सभी कारक पेशेवरों के लिए चुनौती बने हुए हैं। इन चुनौतियों का सामना करने और सफलता की राह पर चलते रहने के लिए, कौशल उन्नयन अति आवश्यक है।

मैं आप सभी को हमारी नवीन पहल "ई-ज्ञान संचय" के हमारे एचआरएमएस पोर्टल पर लाइव होने के अवसर पर बधाई संप्रेषित करता हूँ। टीएचडीसीआईएल ने विविध क्षेत्रों के ज्ञान के विस्तार की आवश्यकताओं को देखते हुए "ई-ज्ञान संचय" पहल की शुरुआत की जिसका उद्घाटन 26 जनवरी, 2024 को किया जा चुका है। इस अद्वितीय पहल के माध्यम से, हम अपने कर्मचारियों को जल विद्युत, सौर, थर्मल और पवन ऊर्जा के उत्पादन तथा कंसल्टेंसी के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ई-ज्ञान संचय टीएचडीसी के सभी कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, जो न केवल ज्ञान को बढ़ावा देने में सक्षम है, बल्कि कौशल विकास और हमारे संगठन के विकास को भी प्रोत्साहित करने वाला है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हमारे कार्यबल को उत्कृष्टता की संस्कृति के साथ सज्जित करना है जिससे हम निरंतर सीखते रहें और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर होते रहें।

हर व्यक्ति में कई प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं पर अपनी प्रतिभाओं को समय-समय पर उन्नत करते रहना चाहिए। ई-ज्ञान पोर्टल कर्मियों को अपने कौशल को विकसित करने, नए कौशल सीखने और करियर की सीढ़ी पर चढ़ने में मददगार साबित होगा। यहां आपको मल्टीमीडिया सामग्री का विशाल भंडार मिलेगा, जिसमें वीडियो, प्रस्तुतियाँ और इंटरैक्टिव मॉड्यूल्स शामिल होंगे, जो हमारे उद्योग की आवश्यकताओं और पेशेवर विकास से संबंधित विषयों को कवर करेंगे। इस पोर्टल को इस्तेमाल में लाना बहुत सरल है और इससे आप किसी भी विषय के बारे में सीख सकते है। इसे डिजाइन करते समय यूजर फ्रेंडली और सरल भाषा का इस्तेमाल किया गया है।

आप सभी से अनुरोध है कि इस नवीनतम शिक्षण प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग अपने कौशल को निखारने और हमारे संगठन की सफलता में योगदान करने के लिए सहायक उपकरण के रूप में करें।

आइये, हम साथ मिलकर इस अद्वितीय यात्रा पर निरंतर प्रगति और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ें और टीएचडीसीआईएल के लिए उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें ।

धन्यवाद !

**(आर. के. विश्नोई)**

# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में टीएचडीसी के 600 मेगावाट ललितपुर सोलर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी




माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 04 मार्च, 2024 को उत्तर प्रदेश में स्थित टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड एवं यूपीनेडा के संयुक्त उद्यम, टुस्को लिमिटेड की 600 मेगावाट की ललितपुर सौर ऊर्जा परियोजना की वर्चुअल माध्यम से आधारशिला रखी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि नवीकरणीय ऊर्जा के दोहन के लिए राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता एवं हरित और सतत भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के प्रतीक के रूप में टीएचडीसी के योगदान को रेखांकित करती है। इस ऐतिहासिक अवसर पर तेलंगाना की माननीय राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदर्यराजन, तेलंगाना के माननीय मुख्यमंत्री श्री ए. रेवंत रेड्डी एवं माननीय केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री, श्री जी. किशन रेड्डी एवं भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर. के. सिंह ने भी महारानी बाग, नई दिल्ली में पावरग्रिड सबस्टेशन से आदिलाबाद, तेलंगाना में माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

टीएचडीसी एवं यूपीनेडा का संयुक्त उद्यम टुस्को लिमिटेड इस उल्लेखनीय प्रयास का नेतृत्व कर रहा है, जो स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के दोहन के राष्ट्र के लक्ष्य के साथ पूरी तरह से मेल खाता है। आधारशिला रखे जाने के साथ, यह परियोजना नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति और नवाचार का प्रतीक बनने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है।

माननीय प्रधानमंत्री जी ने राज्यों के विकास से देश के विकास का मंत्र दोहराया। उन्होंने कहा कि बेहतर अर्थव्यवस्था से देश की प्रगति में भरोसा बढ़ता है साथ ही निवेश होने से राज्यों को भी लाभ होता है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था की उच्च विकास दर को लेकर वैश्विक चर्चा का भी उल्लेख किया क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक मात्र ऐसी अर्थव्यवस्था है जिसने पिछली तिमाही में 8.4 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा, कि "इस विकास दर के साथ, भारत शीघ्र ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा", साथ ही कहा कि इससे तेलंगाना की अर्थव्यवस्था भी उच्च विकास दर को प्राप्त करेगी ।

श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसीआईएल एवं अध्यक्ष, टुस्को ने आधारशिला कार्यक्रम के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व करने के राष्ट्र के संकल्प में 600 मेगावाट संस्थापित क्षमता वाली यह परियोजना न केवल ललितपुर में बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में ऊर्जा परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएनएल द्वारा सतर्कता अधिकारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन



**सतर्कता कार्यशाला के शुभारंभ के दृश्य**

विद्युत क्षेत्र में सतत प्रगति तथा भारत के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बनाए रखने में विद्युत क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएनएल के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए संवादात्मक पहल हेतु केरल के त्रिवेंद्रम, में चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया । संवादात्मक पहल हेतु यह चार दिवसीय कार्यशाला 19 मार्च से 22 मार्च 2024 तक एसजेवीएनएल और टीएचडीसीआईएल के सभी सतर्कता अधिकारियों के लिए आयोजित की गई, जो सतर्कता कार्य में एकरूपता, संबंधित जानकारी को साझा करना और समान संगठनों में सर्वोत्तम प्रयासों को प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध हुई।

इस अवसर पर श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने बताया कि सतर्कता संगठनों के प्रचालन में, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पारदर्शिता, निष्पक्षता और राष्ट्र हित पर ज़ोर देकर, यह संगठन की प्रभावशीलता और नैतिक आचरण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो राष्ट्र की विकास यात्रा का अभिन्न अंग है।

कार्यशाला में पावर सेक्टर सीपीएसई के संगठनात्मक मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए सतर्कता की प्रमुख भूमिका पर प्रकाश डाला गया। विद्युत क्षेत्र के उभरते परिदृश्य में सतत विकास और सफलता के लिए सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख उपक्रम होने के नाते एसजेवीएनएल और टीएचडीसीआईएल को जल विद्युत, सौर, पवन एवं ताप ऊर्जा स्रोतों द्वारा विद्युत उत्पादन में विशेषज्ञता हासिल है। इस तरह की कार्यशालाएं पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को कायम रखते हुए स्थायी समाधानों को आगे बढ़ाने और स्वच्छ, हरित भविष्य की ओर बदलाव लाने की उनकी प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के निदेशक (कार्मिक), श्री शैलेंद्र सिंह ने चार दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कार्यशाला के आयोजन के लिए समन्वयकों के साझा योगदान की सराहना की एवं श्री प्रेम प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी (टीएचडीसीआईएल एवं एसजेवीएनएल) को इस सराहनीय पहल का नेतृत्व करने हेतु हार्दिक प्रशंसा व्यक्त की, साथ ही उनके दृढ़ समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। श्री सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला हितधारकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ संवेदनशील बनाने एवं टीएचडीसीआईएल और एसजेवीएनएल द्वारा सतर्कता पर जोर देने के प्रयासों को रेखांकित करती है। एसजेवीएनएल और टीएचडीसीआईएल की संयुक्त कार्यशालाएं विद्युत क्षेत्र की अनूठी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करती हैं।

श्री प्रेम प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी(टीएचडीसीआईएल और एसजेवीएनएल) ने कहा कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड और एसजेवीएनएल द्वारा आयोजित की गई सहयोगात्मक कार्यशाला भारत में एक सुदृढ एवं समावेशी विद्युत क्षेत्र की यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन का स्वरूप है। यह कार्यशाला राष्ट्र के लिए समृद्ध भविष्य के निर्माण में सहयोग, नवाचार और साझा दृष्टिकोण की शक्ति पर प्रकाश डालती है। जिस प्रकार से विद्युत क्षेत्र का विकास जारी है, इस प्रकार के साझा प्रयास निस्संदेह इसके प्रगतिशील पथ को आकार देने और वृद्धि और विकास के नए अवसरों को खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कार्यशाला का समापन 22 मार्च 2024 को किया गया | इस अवसर पर श्री टी. के. विनोद कुमार, निदेशक सतर्कता एवं एंटी-करप्शन ब्युरो, केरल मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित रहे | साथ ही श्री प्रेम प्रकाश, मुख्य सतर्कता अधिकारी (टीएचडीसीआईएल एवं एसजेवीएनएल) मुख्य रूप से उपस्थित रहे |

इस कार्यशाला में श्री पवन वर्मा, कार्यपालक निदेशक (मा.सं.), एसजेवीएनएल, श्री अजय कुमार गोयल, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, श्री अनिल कुमार गोयल, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, एसजेवीएनएल के साथ-साथ एसजेवीएनएल और टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई।



**वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।**
**- किरण देसाई**

## A 03-day Training Program organized on "Reservation in Services for SC/ST/OBC/PwBD Employees"




**A group photograph during the program**

In line with THDC India Limited's commitment to promoting inclusivity and diversity, and in adherence to the principles of social justice and equity, a 03-day Training Program on "Reservation in Services for SC/ST/OBC/PwBD Employees" was organized by THDCIL from 27th to 29th March, 2024 at Takshshila Sustainable Livelihood & Community Development Centre, HRD Campus, Rishikesh.

On this occasion Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL stated that the above program aimed to provide comprehensive guidance on implementing reservation policies, compliance reporting, and grievance redressal mechanisms. The training program was tailored to benefit a wide spectrum of employees, including Liaison Officers from various projects and unit offices of THDCIL.

Sh. R. K. Sharma, (IAS) Former Director & Head of Institute at the National Career Service Centre (NCSC), Ministry of Labour & Employment, Govt. of India was invited as Key Resource person. The inaugural ceremony was graced by Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel), THDCIL, who kicked-off the program with the ceremonial lighting of the lamp. In his address, he underscored the program's significance in fostering a comprehensive understanding of constitutional provisions, apex court rulings regarding reservation guidelines, and tenuous procedural aspects in the implementation of Reservation Guidelines, Short-fall, Backlogs, Rosters updations, and maintenance in accordance with the latest government guidelines.

Although THDCIL's central objective is to provide dedicated and affordable 24×7 energy to all and to establish new benchmarks in the Energy sector, however simultaneously the company is equally sensitive to ensure safeguarding and adherence to the constitutional provisions regarding reservation guidelines while maintaining a positive balance of social fabric in our organization.

THDCIL is privileged to have a modern State-of-the-Art HRD Center at Rishikesh, in salubrious environment-friendly surroundings which facilitates numerous programs and workshops focused on harnessing various energy resources over the years. The HRD Center at THDCIL, Rishikesh is equipped with State-of-the-Art technologies and offers residential training programs for various government and private institutions. In addition to business-focused training, the center also offers programs related to yoga, work-life balance, and positivity, promoting a holistic approach to personal and professional development.

Sh. S. K. Sharma, AGM (HRD) expressed gratitude to Director (Personnel) and Sh. R. K. Sharma, by presenting them with a planter as a token of appreciation.



The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai

## विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय एवं कोटेश्वर यूनिट का राजभाषा निरीक्षण





श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने इस अवसर अवगत कराया कि विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधिकारियों ने टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट कार्यालय एवं कोटेश्वर यूनिट का राजभाषा निरीक्षण 28 मार्च 2024 को किया। इस निरीक्षण कार्यक्रम की अगुवाई विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों श्री कर्मचन्द, निदेशक (ईसी, ईटी एवं राजभाषा), एवं सहायक निदेशक(राजभाषा), श्री सुशील कुमार ने की।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग सरकारी स्तर पर हिंदी को पूर्ण रूप से अपनाए जाने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए समय-समय पर अनेक दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं जिनका पालन हर स्तर पर किया जाना चाहिए । पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने में हिंदी ने अपनी महति भूमिका निभाई है। हिंदी भाषा राष्ट्र हित और देश निर्माण का कार्य करती है इसलिए हमें पूर्ण रूप से हिंदी को अपनाना चाहिए |

निरीक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(कार्मिक) टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों का पुष्प गुच्छ एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया। श्री शैलेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण से विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के राजभाषा अधिकारियों के मध्य आपसी संबंध मजबूत होंगे जिससे राजभाषा कार्यान्वयन को निगम में और बेहतर ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। श्री सिंह ने हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग निगम के सभी कर्मचारियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी को अपने सरकारी कार्यों और कर्तव्यों में हिंदी को प्राथमिक भाषा के रूप में स्वीकार करना चाहिए। यह उनके द्वारा हिंदी को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

निरीक्षण कार्यक्रम में कारपोरेट कार्यालय की ओर से श्री वीर सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा), श्री नरेश सिंह, सहायक अधिकारी (हिंदी) एवं श्रीमती हेमलता कौर, कनिष्ठ अधिकारी (अनुवाद) उपस्थित रहे। कोटेश्वर कार्यालय की ओर से डॉ ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक (मा.सं. एवं प्रशा.), श्री डी. पी. पात्रो, अपर महाप्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा. ) श्री इन्द्र राम नेगी, प्रबंधक(राजभाषा) एवं सुश्री बानी शुक्ला, वरि.हिंदी अधिकारी उपस्थित रहे। इनके साथ विद्युत मंत्रालय के अन्य अधिकारी, श्रीमती मीनू, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, श्री सौरव ठाकुर, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी एवं सुश्री मेधना भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) द्वारा निगम में राजभाषा से संबंधित क्रियाकलापों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने टीएचडीसी में राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीएचडीसी ने इस क्षेत्र में अनेक अभिनव प्रयास किए हैं। उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन में वृद्धि करने हेतु अनेक सुझाव भी दिए।

**खुर्जा**

## राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



1320 मेवा खुर्ज़ा उच्च ताप विद्युत परियोजना में 04 से 10 मार्च, 2024 तक 53 वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। 04 मार्च 2024 को श्री कुमार शरद, कार्यपालक निदेशक (परियोजना) के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं अधिकारियों/कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ ग्रहण कराई गई ।12 मार्च 2024 को राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण किया गया। निबंध प्रतियोगिता में श्री प्रभात कुमार (कार्यपालक प्रशिक्षु, जनसंपर्क) एवं नारा प्रतियोगिता में श्री संजीव नौटियाल (उप प्रबंधक, मा. सं एवं प्रशा.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।**
**- किरण देसाई**

## टीएचडीसीआईएल के कॉरपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में रक्तदान शिविर का आयोजन





स्वस्थ समाज की दिशा में योगदान देने के ठोस प्रयास में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश के सहयोग से, निरामय स्वास्थ्य केंद्र, कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में 30 मार्च, 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड ने एक स्वस्थ समाज को बढ़ावा देने की दिशा में कंपनी के अथक प्रयासों पर जोर देते हुए कहा कि समाज की भलाई में संगठन के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस जीवन-रक्षक प्रयास के लिए स्वेच्छा से काम करने वाले सभी कर्मचारियों की हार्दिक सराहना की, उनके निस्वार्थ कार्य को एक संभावित जीवन रक्षक और जरूरतमंद लोगों के लिए आशा की किरण के रूप में उजागर किया।

श्री विश्नोई ने टीएचडीसीआईएल कर्मचारियों के इस नेक काज की सराहना की और गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि टीएचडीसीआईएल कर्मचारियों ने हमेशा समाज को प्रभावित करने वाले सामाजिक मुद्दों के प्रति अनुकरणीय समर्पण को प्रदर्शित किया है, साथ ही उन्होंने इस रक्तदान शिविर में कर्मचारियों की भागीदारी के उनके निस्वार्थ भाव की सराहना की।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक(कार्मिक) ने इस बात पर जोर दिया कि टीएचडीसीआईएल ऊर्जा के दोहन में नए मानक स्थापित करने में अग्रणी रहा है। उत्तराखंड राज्य और आसपास के क्षेत्रों में विशेष रूप से जहां निगम की परियोजनाएं स्थित हैं, वहां सामाजिक कारणों और प्रभावित करने वाले मुद्दों, के प्रति भी समान रूप से संवेदनशील रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 'रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।' श्री सिंह ने रक्तदान शिविर जैसे नेक कार्य में स्वेच्छा से आगे आने वाले टीएचडीसीआईएल कर्मचारियों की सराहना की, जो न केवल कर्मचारियों की करुणा का प्रदर्शन करता है बल्कि संगठन के सहानुभूतिपूर्ण और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को भी मजबूत करता है। रक्तदान कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की निस्वार्थ भागीदारी टीएचडीसीआईएल परिवार के भीतर सौहार्द की अटूट भावना को रेखांकित करती है। रक्तदान कार्यक्रम के आयोजन की सफलता का श्रेय कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक प्रतिभागी, स्वयंसेवक और आयोजक के समर्पण और उनके उत्साह को दिया जाता है, जो सामाजिक कल्याण के प्रति संगठन की सामूहिक जिम्मेदारी के लोकाचार को उजागर करता है।

## Session on Fire Awareness and Fire Fighting Training

**Rishikesh**



The Corporate Safety Department organized a one-day Fire Awareness and Fire Fighting Training Session on 02 February, 2024, at the Safety Park and Training Centre at the corporate office in Rishikesh. The above program was facilitated by Sh. Rajeev Kumar Tyagi, Deputy Manager (Safety) and Sh. Ekansh Raturi, Safety Officer, THDCIL. A total number of 21 employees from the Corporate office participated in the above program.



The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai

## टीएचडीसीआईएल में कर्मचारी स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए 10 किमी की मैराथन वॉक का आयोजन

टीएचडीसीआईएल ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं उनकी फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 10-10 किमी. की दो-दिवसीय मैराथन वॉक का आयोजन 30 और 31 मार्च 2024 को किया। उक्त मैराथन वॉक निगम के कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश सहित सभी परियोजनाओं और यूनिट कार्यालयों में की गई। यह पहल कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति प्राथमिकता और कर्मचारियों की फिटनेस को बनाए रखने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

इस अवसर पर श्री आर. के. विश्नोई, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने मैराथन के उद्देश्य पर बल देते हुए कहा कि इससे कर्मचारियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी जा जाती है तथा साथ ही कार्य के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाता है जिससे उनके मनोबल मे वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि मैराथन में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के माध्यम से टीएचडीसीआईएल न केवल शारीरिक फिटनेस को प्रोत्साहित करती है, बल्कि इससे कर्मचारियों के बीच सौहार्द और टीम भावना उत्पन्न होती है।

श्री शैलेन्द्र सिंह, निदेशक (कार्मिक) ने कॉर्पोरेट कार्यालय, ऋषिकेश में मैराथन वॉक का उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि टीएचडीसीआईएल द्वारा आयोजित की गई यह मैराथन टीएचडीसीआईएल परिवार के लिए एक अनूठा अनुभव है। उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारियों के हर प्रकार के कल्याण के लिए संगठन अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता का निर्वाह कर रहा है। श्री सिंह ने कर्मचारियों को सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और अनुकरणीय मानव संसाधन प्रथाओं को लागू करने में टीएचडीसीआईएल के नेतृत्व को उजागर किया।

निगम के एनसीआर कार्यालय, कौशांबी में 31 मार्च को मैराथन का उद्घाटन श्री भूपेन्द्र गुप्ता, निदेशक (तकनीकी) द्वारा किया गया | इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि यह मैराथन पूरे टीएचडीसी परिवार के लिए स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक सामूहिक कदम है जो कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। श्री गुप्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कर्मचारियों की समग्र दक्षता बढ़ाने और हमारी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को समय पर पूरा करने को सुनिश्चित करने के लिए ऐसी पहल महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारियों के स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ाकर, ऐसे आयोजन और कार्यक्रम अनुकूल कामकाजी परिस्थितियों का निर्माण करने में योगदान करते हैं, जिससे अंततः परियोजना निष्पादन में सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।






**कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में मैराथन वॉक के शुभारंभ का दृश्य व मैराथन वॉक में प्रतिभाग करते निदेशक (कार्मिक)**







**एनसीआर कार्यालय कौशांबी में आयोजित मैराथन वॉक में भाग लेते हुए निदेशक (तकनीकी)**



**वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।**
**- किरण देसाई**





टिहरी






टिहरी परियोजना में मैराथन वॉक का शुभारंभ करते हुए श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी कॉम्प्लेक्स)

खुर्जा






खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में मैराथन वॉक के आयोजन के दृश्य

पीपलकोटी







विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में मैराथन वॉक के आयोजन के दृश्य

अमिलिया





अमिलिया कॉल माइन परियोजना में आयोजित मैराथन वॉक के दृश्य

## A 05-day mid training Program for CEA Officers organized by THDCIL





**Some snapshots during the program**

In a concerted effort to fortify leadership, managerial acumen, emotional intelligence, and social aptitude, as well as foster cohesive team dynamics among mid-level officers of the Central Electricity Authority (CEA), a comprehensive five-day mid-career training program was organized at Takshshila Sustainable Livelihood & Community Development Centre, THDCIL at Rishikesh. The program, conducted from March 18th to 22nd, 2024, saw the participation of 20 Chief Engineers from the CEA.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDC India Limited, underscored the paramount importance of leadership skills and shed light on the latest technologies shaping the power sector and market. Such training programs play a pivotal role in nurturing talent, enhancing competencies, and fostering a culture of continuous learning and development within organizations.

THDCIL's HRD Centre at Rishikesh is renowned for providing world-class facilities and state-of-the-art technologies, making it an ideal venue for organizing professional training programs for various organizations and CPSEs. By leveraging these top-notch amenities, THDCIL ensures that participants receive a conducive learning environment conducive to their growth and development.

The valedictory ceremony on March 22nd, 2024, was graced by the esteemed presence of Sh. Ghanshyam Prasad, Chairman of CEA, and Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) at THDCIL.

Sh. Prasad during the occasion added that by investing in the professional growth and skill development of its workforce, entities like THDCIL and CEA pave the way for sustainable growth, innovation, and excellence in their respective domains, thereby contributing significantly to the nation's progress and prosperity.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) THDCIL, highlighted the program's pedagogy, which was primarily activity-based, aimed at cultivating and enhancing a growth mindset among participants.

Under the expert guidance of professors from IIM Kashipur, the program delved deep into leadership principles, social skills, and team dynamics, equipping CEA officers with the necessary tools and insights to navigate complex professional challenges effectively. Sh. S.K. Sharma, AGM (HRD), diligently oversaw the program's execution, ensuring seamless coordination and delivery of sessions. The program also highlighted the best-class facilities and state of art technologies at THDCIL’s HRD Centre.

Moreover, the program incorporated site visits to significant projects such as the 1000 MW Tehri HEP in Tehri and the Green Hydrogen Pilot-based project in Rishikesh, providing participants with firsthand exposure to cutting-edge technologies and innovative initiatives in the power sector.



वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।
- किरण देसाई

## Successful lowering of Rotor in the Generator Pit of Unit # 07 (3rd Unit) of 1000 MW Tehri PSP






**Some snapshots during the event**

THDC India Limited achieved another significant milestone with the successful lowering of Rotor (250 MW, weight: 490 Ton) in the Generator Pit of Unit # 07 (3rd Unit) of 1000 MW Tehri Pumped Storage Plant (PSP) on 08 March, 2024.

The accomplishment of this significant milestone marks a notable achievement for THDCIL, bringing us one step closer to the realization of the nation's first Variable Speed Pumped Storage Project, of 1000 MW capacity. Sh. R. K. Vishnoi, CMD congratulated the entire team of PSP, acknowledging their dedication and efforts towards the execution of this project. He emphasized the paramount importance of this achievement, underscoring its importance towards the complete operation of the 2400 MW Tehri Power Complex.

During this prestigious event, Sh. Bhupender Gupta, Director(Technical), Sh. L.P Joshi, Executive Director (Tehri Complex & Arunachal Pradesh Projects),Sh. A.R Gairola, General Manager (PSP-Civil), Dr. A. N. Tripathi (GM- HR&A), other senior officials of THDCIL , M/s GEPIL and M/s HCC were present.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical) during his address to Team PSP commended the efforts of entire PSP team and said that this achievement has set the stage for the Tehri Power Complex to advance into its next phases of development.

## विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन



444 मेवा विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के अलकनंदा पुरम कैंपस में 15 मार्च 2024 और 16 मार्च 2024 को दो दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में परियोजना के सभी विभागों से नामित अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग किया। कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में टीएचडीसीआईएल के सेवानिवृत उप प्रबंधक, श्री डी.एस. रावत उपस्थित रहे।

इस अवसर पर श्री अजय वर्मा, परियोजना प्रमुख व मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), वीपीएचईपी ने परियोजना के समस्त विभागाध्यक्षों एवं प्रशिक्षक के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में कुल 48 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |

## खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

1320 मेवा खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना में 22 मार्च 2024 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री अमरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा (वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन एवं प्रशासन) के द्वारा प्लान्टर भेंट कर मुख्य वक्ता श्री अजय चौधरी, सहायक निदेशक (राजभाषा विभाग, भारत सरकार) का स्वागत किया गया। इस कार्यशाला में टीएचडीसी परिवार के कुल 23 अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।






The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai

## Successful Completion of Unit-1 Boiler light up at 1320 MW Khurja STPP





Khurja Super Thermal Power Plant (2x660 MW) achieved a significant achievement on 21st March 2024 with the successful completion of Unit-1 Boiler light up, a crucial milestone in its journey towards commercial operation. This achievement paves the way for the upcoming milestone of unit synchronization, signalling the plant's progress toward commencing full-scale operations.

Sh. R. K. Vishnoi, CMD, THDCIL expressed appreciation and stated that this significant milestone is a testament to the dedication, expertise, and unwavering commitment of the entire KSTPP team. It reaffirms THDCIL's mission of reliable and efficient power generation to meet the growing energy demands of the region.

The aforementioned testimony elucidates the commitment made by THDCIL. The Unit-1 Boiler is designed to generate 2100 Tonnes Per Hour (TPH) of main steam at a temperature of 603°C and a pressure of 278 kg/cm2. These specifications underscore the plant's capability to produce high-quality steam efficiently, ensuring optimal performance and productivity. The Boiler Light Up of Unit-01 at KSTPP (2x660 MW Khurja Super Critical Thermal Power Plant) marks a significant milestone in the project's progression. This event signals the commencement of the boiler's operations and is a crucial step towards the plant's operational readiness.

Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), THDCIL acknowledged this milestone and said, “As we commemorate this momentous occasion, we extend our sincere gratitude to all employees, contractors, and local communities. Their unwavering support has been instrumental in achieving this significant milestone. Their dedication and collaborative efforts have proven vital in overcoming challenges and driving progress at every juncture of this journey”.

Looking ahead, the team at Khurja Super Thermal Power Plant remains committed to upholding the highest standards of operational excellence. With Unit-1 Boiler light-up completed, the KSTPP team is now ready to achieve further milestones towards becoming a leading provider of energy in the region.

The event was witnessed by Sh. Bhupender Gupta, Director (Technical), Sh. Kumar Sharad ED (Project), Sh. R.M. Dubey GM(Electrical), Sh. B.K. Sahoo GM (C/O&M), Sh. Prabhat Ranjan GM (Civil), Sh. Shailesh Dhyani AGM (Mechanical) and other senior officials of THDC, NTPC, LMB, BHEL and other agencies working at the site.

## Awareness session on Risk Management

**Kaushambi**

An Awareness & Knowledge sharing session on " Risk Management" was conducted on 20 March 2024 by Sh. Ritesh Singh, Sr. Manager (Business Development), at the NCR office, Kaushambi. During the session, Sh. Ritesh Singh covered the concepts of Risk, Risk Management, THDCIL's Risk Management Policy, Risk Governance Structure in THDCIL, etc.





वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।
- किरण देसाई

## THDCIL awarded with 'The GEEF Global Environment Award 2024'






THDC India Limited has been awarded in the Gold Category for the prestigious "The GEEF Global Environment Award 2024" in the Power Industry on 20th March 2024. THDCIL has been consistently establishing new benchmarks in the Energy Sector and conferring of this award is testimony of a display of professionalism and sensitivity to address environmental concerns in its journey of providing affordable power to all. The award ceremony was part of the Global Clean Energy Summit-2024 and the Global Environment - Safety Awards 2024 at JW Marriott Aerocity New Delhi. Sh. R. K. Vishnoi, CMD THDCIL informed that THDCIL's achievement in the annual global award highlights it's contributions to environmental sustainability and innovation within the power sector.

Sh. Shallinder Singh, Director (Personnel) extended heartfelt congratulations to THDCIL employees and stated that it is a matter of great pride that this achievement is a result of the consistent display of environmental sensitivity by THDCIL in its journey of developing reliable and affordable energy sources. THDCIL's exemplary contributions and achievements position it as a deserving recipient of this prestigious accolade.

On the occasion, the award was received on behalf of THDCIL by Sh. Amardeep, GM(S&E).

During the event, leaders, teams, units, projects, and organizations were honored for their extraordinary contributions, commitment, professionalism, and actions that are focused on innovative technologies and sustainable environmental practices in a sustainable manner that have made a positive impact and driving positive changes in the society.

## खुर्जा परियोजना द्वारा ग्राम दशहरा खेरली में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य सम्पन्न

1320 मेवा खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना द्वारा ग्राम दशहरा खेरली में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य 06 फ़रवरी 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। खुर्जा परियोजना द्वारा विभिन्न प्रकार के सामुदायिक विकास के कार्य समय-समय पर सम्पादित किए जाते हैं जिससे आस-पास के स्थानीय लोगों को उचित सुविधाएं मिल सकें | सेवा-टीएचडीसी के द्वारा चिन्हित भूमि पर ग्राम दशहरा खेरली में यह मुक्तिधाम (श्मशानघाट) का निर्माण किया गया जिसकी कुल लागत रुपये 1.33 करोड़ आयी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात लोकार्पण के समय टीएचडीसी के कार्यपालक निदेशक (परियोजना), श्री कुमार शरद; अपर महाप्रबंधक, श्री गजेन्द्र सिंह; प्रबंधक, श्री राकेश उनियाल; वरिष्ठ अधिकारी, श्री कुलदीप थपलियाल; ग्राम प्रधान, श्रीमती चंचल देवी एवं ग्रामवासी कार्य स्थल पर उपस्थित रहे |



The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai





## International Women's Day Celebration

International Women's Day was celebrated with fervour at the Corporate Office Rishikesh along with all the projects and unit offices of THDCIL. Various activities and outbound programs/ workshops were organized for the women employees of THDC posted at various locations.

**Rishikesh**





Sh. Veer Singh, CGM (HR &A) inaugurated the Women's Day program with auspicious lamp lighting at the Corporate Office, Rishikesh on 07th March 2024 for executive employees and on 11 March 2024 for Contractual employees.




**Tehri**




A cultural program was organized on the occasion of International Women's Day at Tehri project unit. Dr. A. N. Tripathy, GM (HR & A), Tehri project addressed all the female employees on the occasion. All the female employees enthusiastically participated in the program.

**Pipalkoti**






Sh. Ajay Verma, Project Head inaugurated the International Women's Day program at 444 MW VPHEP



वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।
- किरण देसाई

## International Women's Day Celebration

**Khurja**







International Women's Day was celebrated at 1320 MW Khurja Super Thermal Power Plant. During the occasion Dr. Shilpi Chaudhary and Ms. Chadani Gulati, Kailash Hospital, Bulandshehar shed some light on women's health related aspects.

## लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा होली मिलन का आयोजन



लेडीज़ वेलफेयर एसोसिएशन 'तेजस्विनी', ऋषिकेश द्वारा 21 मार्च, 2024 को होली मिलन का आयोजन किया गया। श्रीमती चंचल विश्नोई, क्लब की मुख्य संरक्षिका ने सभी सदस्याओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत सभी सदस्यों ने रंगों एवं फूलों की होली खेल कर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। रंगों के त्योहार होली को सभी ने परस्पर प्रेम एवं सद्भाव के साथ मनाया।

## खुर्जा परियोजना में हर्षोल्लास से मनाया गया होली का त्योहार






20 मार्च 2024 को मंजरी लेडीज़ क्लब, खुर्जा परियोजना की सदस्याओं द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीएचडीसी ऑफिसर्स क्लब, खुर्जा के द्वारा 24 मार्च, 2024 की रात्रि को होलिका दहन का आयोजन परियोजना परिसर के ट्रांजिट कैम्प के निकट किया गया। इसके उपरांत 25 मार्च, 2024 को ओल्ड गेस्ट हाउस में ऑफ़िसर्स क्लब की तरफ़ से होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने इस उत्सव में भाग लिया एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, श्री कुमार शरद ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को त्योहार की बधाई दी।

## तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब, टिहरी द्वारा 20 मार्च, 2024 को महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती विजया जोशी के मार्गदर्शन में होली मिलन समारोह का आयोजन धूम-धाम से किया गया। उक्त अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तरंगिनी ऑफिसर्स महिला क्लब की अध्यक्षा, श्रीमती विजया जोशी; उपाध्यक्षा, श्रीमती विभा सिंह; महासचिव, श्रीमती अमृता पंवार; खेल सचिव, श्रीमती प्रियंका सिंह; सांस्कृतिक सचिव, श्रीमती लक्ष्मी चौहान; श्रीमती शुभा गौड, श्रीमती सस्मिता शाहू, आदि महिला क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं।



**The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.**
**-Kiran Desai**





## टिहरी परियोजना में स्वास्थ्य शिविर तथा कोटेश्वर परियोजना में रक्तदान शिविर का आयोजन



टिहरी परियोजना चिकित्सालय के सौजन्य से एवं मैक्स सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल वैशाली, दिल्ली के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ, डॉ. विवेक मंगला; हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ.संजय गुप्ता एवं दर्द निवारण, डॉ. एकता के सहयोग से 22 मार्च, 2024 को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का शुभारंभ श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी काम्प्लेक्स) द्वारा किया गया । इस मेडिकल कैम्प में कुल 105 रोगियों का परीक्षण एवं जांच की गई | इसी के साथ 28 फरवरी, 2024 को कोटेश्वर परियोजना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया | जिसका शुभारंभ श्री एल. पी. जोशी, कार्यपालक निदेशक (टिहरी काम्प्लेक्स) द्वारा किया गया |

## वीपीएचईपी परियोजना ने सरकारी विद्यालयों में शुरू किया कंप्यूटर वितरण अभियान



444 मेवा विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना द्वारा चमोली जिले के परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आधुनिक तकनीक से लेस करने हेतु कंप्यूटर वितरण कार्य शुरू किया गया । परियोजना प्रमुख, श्री अजय वर्मा ने कॉर्पोरेट पर्यावरण जिम्मेदारी के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बटुला एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय, दुर्गापुर में कंप्यूटर का वितरण कर अभियान का शुभारंभ किया |

## टिहरी परियोजना में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन




टिहरी परियोजना में 04 मार्च, 2024 से 10 मार्च, 2024 तक 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया | सुरक्षा दिवस एवं सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ श्री आर. आर. सेमवाल, मुख्य महाप्रबंधक (ओ.एण्ड एम.) द्वारा झण्डारोहण कर एवं सभी कार्मिकों को सुरक्षा सप्ताह की शपथ दिलाकर किया गया |

## जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी, बुलंदशहर का किया गया सौन्दर्यीकरण

खुर्जा उच्च ताप विद्युत परियोजना के सीएसआर विभाग द्वारा बुलंदशहर स्थित जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी परिसर के सौंन्दर्यीकरण का कार्य 10 मार्च, 2024 को सम्पन्न किया गया| प्रदर्शनी स्थल पर स्थित ऐतिहासिक बैरन हॉल की दीवारों पर टीएचडीसीआईएल की वर्तमान एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं और सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत परियोजना क्षेत्र में किए जा रहे सामुदायिक विकास के कार्यों को चित्रकला के द्वारा प्रदर्शित किया गया । उक्त झलकियों में गाँवों में लगवाई गई सोलर लाइट, विभिन्न स्थानों पर कराए गए इंटरलॉकिंग एवं नाली के कार्य, निःशुल्क चिकित्सा एवं नेत्र जाँच शिविर एवं कैम्प, निःशुल्क ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग, गाँव के बच्चों को दी जा रही रिटेल एवं सेल्स एसोसिएट की ट्रेनिंग, कृषि संगोष्ठी का आयोजन, निशुल्क कंप्यूटर क्लास एवं सीपेट डिप्लोमा कोर्स, ग्राम दशहरा एवं ग्राम डाबर में मुक्तिधाम का निर्माण, स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा सामग्री एवं स्मार्ट क्लास, ग्राम सतनामी में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य आदि के चित्र प्रमुख हैं। कलाकृतियों में टीएचडीसी की विभिन्न परियोजनाओं जैसे खुर्ज़ा परियोजना, टिहरी डैम, कोटेश्वर डैम, पाटन विंड परियोजना आदि को भी दर्शाया गया है। इस कार्य का उद्देश्य प्रदर्शनी स्थल के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ खुर्ज़ा परियोजना के द्वारा किए जा रहे सामाजिक विकास के कार्यों के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है। (चित्रकलाओं के दृश्य पत्रिका के अंतिम कवर पृष्ठ पर उपलब्ध हैं )

## वीपीएचईपी परियोजना द्वारा विश्व जल दिवस पर स्कूलों में जागरूकता सत्र का आयोजन



विश्व जल दिवस 2024 के उपलक्ष्य पर 444 मेवा. विष्णुगाड पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के जनसंपर्क विभाग द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों में स्थित स्कूलों और डी-हब केंद्रों में जागरूकता सत्र आयोजित किए गए । वीपीएचईपी के मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख, श्री अजय वर्मा के नेतृत्व में इस पहल में श्री अविनाश कुमार (कार्यपालक प्रशिक्षु, जनसंपर्क) और सुश्री शैफाली राय (अधिकारी, समाज कार्य) की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने निगम का प्रतिनिधित्व करते हुए छात्रों को जल संरक्षण और वीपीएचईपी जैसी रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाओं के लाभों जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया | उक्त सत्रों में प्रस्तुतिकरण, प्रश्नोत्तरी और सार्थक चर्चाएं शामिल रहीं ।



वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।
- किरण देसाई

## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



**Sh. Abhishek Gaur**
**GM (Planning & BRM)**
**DoR: 31-03-2024**

Sh. Abhishek Gaur, General Manager (Planning & BRM), superannuated from the corporation on March 31, 2024. Sh. Abhishek Gaur obtained his B.E. in Civil Engineering from NIT Bhopal in 1986. Before joining THDC India Limited, he was working with HI-Tech Carbon, Renukoot – a subsidiary of the Birla Group.

He joined THDCIL in 1990 as an Assistant Engineer and made significant contributions across various departments including Township Management, Spillway Construction, Quality Control, and Power House Operations. Notable achievements include spearheading estimation work for projects, overseeing cost-saving initiatives, and successfully completing the construction of ambitious projects like the Institute of Hydro-power Engineering & Technology and Trihari Jal Shakti Museum at Tehri within schedule. He played a key role in formulating the first Schedule of Rates for the Building & Road department for both Tehri and Koteshwar projects. Throughout his 34-year tenure in THDC India Limited, his dedication and commitment have been instrumental in the growth and development of the company. THDC India Limited wishes him a bright future ahead.



**Sh. Rai Singh**
**GM (OMS)**
**DoR: 31-03-2024**

Sh. Rai Singh, General Manager (OMS) superannuated from the corporation on 31 March 2024. Sh. Singh completed his graduation in Electronics Engineering in 1990 from M.S. University of Baroda (Gujarat). He started his professional career with U.P. Hill Electronics Corporation (U.P Govt. undertaking). He joined THDCIL on 26 July 1996 as an E.D.P. officer in the Planning Department and was associated in all Computer-related works across all units of THDCIL. In 2007 with the establishment of the IT Department, he was entrusted with the responsibility to build robust IT infrastructures and communication networks. In 2011, he was transferred to the OMS Department in Rishikesh. As the head of the OMS-EM Group, he played a pivotal role in implementing robust O&M practices at THDC's plants, ensuring consistent performance exceeding design expectations. Key initiatives included effective condition monitoring, devising O&M methodologies, and establishing unified practices across the organization. He also spearheaded proactive decision-making to prevent outages, collaborated with stakeholders for energy planning, and successfully revised NAPAF, reducing it significantly. Additionally, he modernized generation data reporting and analysis using Microsoft Power BI. Beyond his core duties, he served as Editor of the technical journal "Hydro-tech" and handled public grievances. He was recognized for his swift decision-making during an unforeseen fault incident, averting potential commercial losses at Koteshwar HEP with "Swift Decision Making" award. His contributions to THDCIL will always be remembered.



The present changes the past. Looking back you do not find what you left behind.
-Kiran Desai


## भावभीनी विदाई एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं



श्री सुनील उनियाल
उप महाप्रबंधक (हाइड्रो मैकेनिकल)
पीपलकोटी
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री राजेन्द्र प्रसाद बिजल्वाण
उप प्रबंधक (हाइड्रो मैकेनिकल)
कोटेश्वर
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री सुरेन्द्र सिंह राणा
सहायक प्रबंधक (मा. सं. एवं प्रशा-अतिथि गृह), टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री धीरेन्द्र अमोला
उप अभियंता (सर्विसेज़)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री राजेश कुमार शर्मा
उप अभियंता (डैम एवं स्पिलवेज)
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री प्रीतम सिंह
वरिष्ठ कार्य सहायक (आईटी)
ऋषिकेश
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री किशन सिंह
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-03-2024



श्री जय प्रकाश
हेल्पर
टिहरी
सेवानिवृत्ति 31-03-2024

### अभिदृष्टि

''एक एकीकृत वैश्विक ऊर्जा संगठन जो भारत की शुद्ध–शून्य आकाँक्षाओं की अभिप्राप्ति के लिए सतत समाधान प्राप्त करे।''

### मिशन

- विविध स्रोतों से स्वच्छ और किफायती ऊर्जा उपलब्ध कराना।
- उभरती ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की खोज करना एवं सुचारु परिवर्तन को सक्रिय करने के लिए गुणवत्तापरक स्थायी समाधान प्रदान करना।
- व्यक्तियों को सक्षम एवं विकसित करते हुए परिवर्तन को अंगीकार करने हेतु संगठनात्मक क्षमताओं का निर्माण करना।
- व्यावसायिक गतिविधियों में उच्चतम नैतिक मानकों एवं सत्यनिष्ठा को सुनिश्चित करना।
- सामाजिक रूप से उत्तरदायी रहकर कार्य करना एवं पर्यावरण एवं व्यक्तियों के प्रति प्रतिबद्ध होकर कार्य करना।
- उच्च उत्पादकता और दक्षता को हासिल करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अंगीकृत करना।
- संसाधनों के अधिकतम दोहन के लिए रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देना।

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED




### तात्विक मूल्य

**ASPIRE**

**A** : Accountability (जवाबदेही)
**S** : Sustainability (पर्यावरणीय स्थिरता)
**P** : Passion (जोश)
**I** : Innovation(नवाचार)
**R** : Respect (सम्मान)
**E** : Ethics (नैतिकता)



वर्तमान अतीत को बदल देता है। पीछे मुड़कर देखने पर आपको वह नहीं मिलता जो आपने पीछे छोड़ा था।
- किरण देसाई



**Generating Power... Transmitting Prosperity ...**

Designed In house by Corporate Communication Department, Rishikesh









टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED

डॉ. ए. एन. त्रिपाठी, महाप्रबंधक ( मानव संसाधन व जनसम्पर्क) द्वारा टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के लिए गंगा भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड़, ऋषिकेश- 249201 (उत्तराखंड) से प्रकाशित
फोन: 0135-2473504, वेबसाइट: www. thdc. co.in, ईमेल: prthdcil@gmail.com & hj.thdc@gmail.com
गृह पत्रिका/न्यूज लेटर में प्रकाशित लेखों/रचनाओं में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने हैं और उनसे टीएचडीसीआईएल प्रबंधन का सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
(निशुल्क आंतरिक वितरण के लिए)